e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, शनिवार, 5 अक्टूबर 2019, आश्विन मास शुक्ल पक्ष सप्तमी, संवत् 2075 विक्रमी वर्ष-12, अंक-347, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष
RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18



# एसएमएस लखनऊ को 2019 एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड

डेली न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** बड़े गर्व के साथ हम एसएमएस लखनऊ परिवार आप सभी के साथ एक सुखद समाचार सांझा करते हैं। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ को एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड 2019 से सम्मानित किया गया है जिसका आयोजन वर्ल्ड एजुकेशन कांग्रेस ने किया। ये पुरस्कार ऐसे संस्थानों को मान्यता देते हैं जो अपने पाठ्यक्रम में नवीन और आधुनिक हैं और अपने छात्रों की प्रतिभा का पोषण करने में विश्वास रखते हैं। प्रदेश सरकार में मंत्री बृजेश पाठक द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज को नेतृत्व विकास संस्थान और उद्योग इंटरफेस



के मामले में सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह और डेरीक्टर जनरल तकनीकी प्रो. डॉ. बीआर सिंह को यह पुरस्कार एक समारोह में प्राप्त हुआ। साथ ही संस्थान के दो शिक्षकों डॉ. हेमंत सिंह एवं डॉ. प्रशांत गंगवार को देवांग मेहता नेशनल एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया।